सोमवार 17 जुलाई 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



तलवार के हमले में घायल बेटे की मौत, इलाजरत पिता की स्थिति गंभीर 3



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने की दूसरी सोमवारी के अवसर पर जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा

### विरोध: भाजपा लगातार राज्य सरकार को घेर रही

# लाठीचार्ज मामले में सीएम डिप्टी सीएम पर केस दर्ज



शिकायत पत्र दिखाते भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री

### ♦ सुप्रीम व सिविल कोर्ट में सरकार के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद कोतवाली थाने पहुंचा मामला

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार भाजपा के विधाससभा मार्च पर लाठीचार्ज के बाद शुरू हुआ सियास घमासान तेज हो चला है। भाजपा लगातार इस मुद्दे पर सरकार को घेर रही है। सिविल कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में नीतीश सरकार के खिलाफ केस करने के बाद अब पटना के कोतवाली थाने में केस हुआ है। 16 जुलाई यानी रविवार को भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री नीरज सिंह बबलू, विधायक जीवेश कुमार और राजेश सिंह राजू कोतवाली थाना पहुंचे। राजेश सिंह राजू ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत 8 लोगों को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ हत्या एवं अन्य आरोपों में लिखित आवेदन दिया।

**पुलिसकर्मी आए और किया हमला :** इस आवेदन में राजेश सिंह राजू ने लिखा कि भाजपा के लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण कार्यक्रम विधान सभा तक मार्च जो कि राज्य सरकार की गलत शिक्षा निति एवं अनेक जनविरोधी कार्यकलापों को जनता के समक्ष उजागर करने के लिए सांकेतिक विरोध प्रदर्शन हेतु निकाला जाना था। इसमें शामिल होने के लिए वो अपने निवास स्थान से गांधी मैदान पहुंचे। यहां पर भाजपा के नेताओं का जिसमें बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार विधान परिषद में विपक्ष के नेता सम्राट चौधरी, बिहार विधान सभा में विपक्ष के नेता एवं विधान सभा सदस्य विजय कुमार सिन्हा एवं अनेक पूर्व मंत्री व विधायक एवं विधान पार्षद उपस्थित थे। मार्च में भाग लेने वाले सभी नेतागण एवं कार्यकर्तागण एवं आम जनता के शामिल लोग धीरे-धीरे आगे बढ़े। सब कुछ शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था और हम धीरे-धीरे बलते हुए डाक बंगला चौराहा के तरफ बढ़ते हुए सेंट्रल मॉल के नजदीक पहुंचे कि कुछ पदाधिकारी जो खास कुछ पुलिस पदाधिकारी सादे ड्रेस में थे। कुछ लोग अपने नाम का बैच नहीं लगाये हुए थे। हमारे पास आए और लाठियों से हमला कर दिया।

**सीएम समेत 8 के खिलाफ शिकायत :** राजेश सिंह राजू ने लिखा कि हमलोगों को चारों तरफ से घेरकर पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों ने लाठियों से पीठ में, पेट, बांह और सिर पर जानबूझकर पीटा। ऐसा लग रहा था कि उनकी नीयत हमें जान से मारने की है। पुलिस की लाठी से अपना सिर बचाने में मेरे हाथ की हड्डी टूट गई। राजेश सिंह राजू ने अपने आवेदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह, एसएसपी राजीव मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी खांडेकर श्रीकांत कुंडालिक, शशि भूषण कुमार, सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी मसौढ़ी, एएसपी काम्या मिश्रा पर आरोप लगाया। कहा कि पुलिसकर्मियों द्वारा जान बूझकर एक सोची समझी साजिश के तहत भाजपा नेताओं को सबक सिखाने के लिए हमारी पिटाई की गई।

## शिक्षक भर्ती के मुद्दे पर जाप ने किया सड़क जाम

**पटना।** जाप अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व कार्यकताओं ने घंटों सड़क जाम किया। जिससे जहानाबाद-गया, हाजीपुर-पटना टाउन में जाने वाली सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। जाप कार्यकर्ता शिक्षक भर्ती नियमावली में हुए बदलाव को वापस लेने की मांग कर रहे थे। वहीं, इस दौरान पप्पू यादव ने कहा कि डोमिसाइल नीति को सरकार लागू करे। नियमावली में संसोधन हुआ, उसको तुरंत वापस लिया जाए। इस मुद्दे पर समझौता नहीं कर सकते हैं। पप्पू यादव ने कहा कि जो एसटीईटी, सीटेट और बीटेट के अभ्यर्थी तीन साल पहले परीक्षा पास कर चुके हैं, उनको सीधा शिक्षक के तौर पर सरकारी स्कूलों में नियुक्त किया जाए। दोबारा परीक्षा शिक्षक भर्ती नियमावली के तहत बीपीएससी के जरिये लेने की क्या जरूरत है? दूसरे राज्यों में बिहारी शिक्षक अभ्यर्थियों को सरकारी शिक्षक की नौकरी नहीं मिलती है।

## एटीएस ने पाक जासूस मोहम्मद रईस को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने रविवार को गोंडा जिले के रहने वाले मोहम्मद रईस को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मोहम्मद रईस पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का एजेंट है और उसे लालच देकर आईएसआई का एजेंट बनाया गया था। गोंडा का रहने वाला रईस पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी कर रहा था। एटीएस मुख्यालय पर पूछताछ के बाद रईस की गिरफ्तारी की गई है। मुंबई के अरमान नामक युवक ने पाकिस्तानी एजेंट से रईस की बात कराई थी। रईस को सऊदी अरब में नौकरी का झांसा देकर रईस से जासूसी करवाई जा रही थी। कई सैन्य प्रतिष्ठानों की तस्वीरें भेजने के एवज में रईस को पंद्रह हजार रुपये भी मिले थे। रईस ने अपने दोस्त सलमान व अन्य लोगों को भी जासूसी के काम में लगाया था। भारत में मुस्लिमों पर अत्याचार और बाबरी मस्जिद की शहादत की चर्चा कर युवकों को पाकिस्तानी जासूस बनाया गया। गोंडा का रहने वाला रईस आईएसआई हैंडलर्स के संपर्क में था। साथ ही अरमान और सलमान की गिरफ्तारी के लिए भी एटीएस की टीम मुंबई रवाना हो गई है।

# सुपौल की एकता ने पोस्टर लगा पीएम को बताया महंगाई मैन

**केटी न्यूज/पटना**

2024 के लोकसभा चुनाव में अभी कई महीने बाकी हैं, लेकिन अलग-अलग तरीके से केंद्र पर निशाना साधा जा रहा है। आरजेडी और जेडीयू कार्यकर्ता लगातार पोस्टर वार कर रहे हैं। कभी जांच एजेंसियों को लेकर तो कभी महंगाई के मुद्दे पर पोस्टर वार जारी है। हालांकि, यह पोस्टर वार पिछले माह से भी राजधानी की सड़कों से जारी हो चुका है। फिलहाल पटना में आरजेडी कार्यालय के बाहर महंगाई के मुद्दे पर एक पोस्टर लगाया गया है जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी को महंगाई मैन बताया गया है।




पोस्टर किसी नेता की ओर से नहीं बल्कि एक आम महिला की ओर से लगाया गया है। लगाने वाली महिला का नाम एकता यादव है। पोस्टर के नीचे लिखा गया है दिल से लालूवादी। वहीं पोस्टर में सबसे ऊपर लिखा गया है किमहंगाई से त्रस्त एक आम महिला। पोस्टर के जरिए यह दिखाने का प्रयास किया गया है कि जिस तरह से सब्जियों और बाकी चीजों की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही उससे आम महिलाएं कितना परेशान हैं। इस पोस्टर में एक तरफ लालू प्रसाद यादव की तस्वीर है तो वहीं तस्वीर में पीएम मोदी भी दिख रहे है। पोस्टर के बीच में सब्जी व अनाजों के दामों को दशार्या गया है। पोस्टर में कीमतों को प्रधानमंत्री देख रहे हैं। पोस्टर में सबसे बोल्ड अक्षर में लिखा गया है कि एक अकेला देश की गृहणियों पर भारी।

**भाजपा के आने से बढ़ती है महंगाई :** आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि बीजेपी जब-जब सत्ता में आई है तब-तब महंगाई बढ़ती रही है। कांग्रेस के शासनकाल में लोग महंगाई की बात करते थे, लेकिन अब लोगों को समझ में आ रहा है कि बीजेपी की सरकार में आम जनता के लिए कुछ भी नहीं सोचा जाता है।

# जेल में अनंत सिंह के समर्थक व दूसरे गुट के बीच मारपीट

**पटना।** बेउर जेल में बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह के समर्थकों और दूसरे गुट के बीच रविवार को जमकर मारपीट हुई है। मारपीट को रोकने के लिए कुछ कक्षपाल पहुंचे। बीच बचाव करने में चार कक्षपाल भी घायल हो गए। झगड़ा बढ़ता देख जेल के अंदर पगली घंटी बजाई गई, उसके बाद आनन फानन में जेलर, उप जेलर और अन्य जेल कर्मी पहुंचे। जेल के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। कई वरीय अधिकारी बेउर जेल पहुंचे और मौके पर स्थिति को संभालने में जुट गए। फिलहाल हालात को नियंत्रण में कर लिया गया है। वहीं, किस बात पर अनंत सिंह के समर्थक और दूसरे गुट के बीच झड़प हुई, यह अब तक साफ नहीं हो पाया है। जांच जारी है। पटना के बेउर जेल में रविवार की सुबह बाहुबली और आरजेडी के पूर्व विधायक अनंत सिंह की मौजूदगी में समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई। हालात को संभालने के लिए जेल की पगली घंटी तक बजानी पड़ी. पूरे जेल में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

पगली घंटी बजते ही जेल के सभी कैदी और कर्मचारी सतर्क हो गए। बताया जा रहा है कि इस घटना की सूचना मिलने के बाद उच्च पदाधिकारी, जेलर, सहायक जेलर सहित भारी संख्या में जेल के कक्षपाल, उच्च कक्षपाल जेल के अंदर पहुंचे। इसके बाद सभी कैदियों को उनके बैरक में जाने की सूचना दी गई। यह घटना किस बात को लेकर हुई है? इसकी अभी जानकारी नहीं हुई है। एसडीपीओ विक्रम सिहाग ने बताया कि उन्हें इस मामले में कोई जानकारी नहीं है।

## पूर्व एमएलसी विनोद कुमार चौधरी का निधन

**पटना।** पूर्व विधान पार्षद प्रो. विनोद कुमार चौधरी का लखीसराय में निधन हो गया। 2020 में खुद को सीएम कैंडिडेट घोषित कर चर्चा में आई पुष्पम प्रिया चौधरी के पिता थे। प्रो. विनोद कुमार चौधरी नीतीश कुमार के करीबी माने जाते थे। वहीं, इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न विनोद कुमार चौधरी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है।

# देशभर में 1.44 लाख किग्रा ड्रग्स होगा नष्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सोमवार को बड़ा कदम उठाया जाएगा। इसके तहत देश के कई इलाकों में कुल 1.44 लाख किलोग्राम ड्रग्स को नष्ट किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। वे वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। जानकारी के मुताबिक, मादक पदार्थों को नष्ट करने का काम देश के कई शहरों में होगा, जिसे नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोति सम्मेलन के दौरान अमित शाह से टीवी पर देखेंगे। नष्ट की जाने वाले मादक पदार्थों में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हैदराबाद इकाई की कार्रवाई में जब्त 6,590 किलोग्राम ड्रग्स शामिल है।

**मध्य प्रदेश में की गई सबसे अधिक जब्ती :** मामले से जुड़े बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। एक जून 2022 से 15 जुलाई 2023 तक एनसीबी की सभी क्षेत्रीय इकाइयों और राज्यों की एजेंसियों ने लगभग 9,580 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 8,76,554 किग्रा जब्त ड्रग्स को नष्ट किया है। असम में 1486 किग्रा, चंडीगढ़ में 229 किग्रा, गोवा में 25 किग्रा, गुजरात में 4277 किग्रा, हरियाणा में 2458 किग्रा, जम्मू-कश्मीर में 4069 किग्रा, मध्य प्रदेश में 103884 किग्रा, महाराष्ट्र में 159 किग्रा, त्रिपुरा में 1803 किग्रा व उत्तर प्रदेश में 4049 किग्रा ड्रग्स नष्ट किया जाएगा। जो तय किए गए लक्ष्य से 11 गुना से अधिक है।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी जिले वासियों, कांवरियों व ग्राहकों को शुभकामनाएं

जय श्रीमन्नारायण

HOTEL ANAND VIHAR & RESTAURANT

होटल आनंद विहार एंड रेस्टोरेंट

24 x 7 सेवा उपलब्ध

शादी-विवाह, तिलक, मुण्डन, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए बुकिंग कराएं।

- Fully air conditioned room
- Banquet Hall
- Conference Hall

RESTAURANT

स्वादिष्ट व सस्ता भोजन उपलब्ध

फास्ट-फूड, शाकाहारी व मांसाहारी भोजन मेनू के अनुसार व्यवस्था

Near Dumraon Railway Station, BUXAR | Mob +91 8210408264

R. L. COMPLEX

DUMRAON

TRENDS MALL

आपके बजट में डिजाईनिंग कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध

R. L. COMPLEX 2nd & 3rd Booking open



Station road Dumraon Near Vishnu bhgawan Mandir Buxar, Bihar



Director

Vinod Kumar Rai

R. L. COMPLEX

ANAND VIHAR HOTEL & RESTAURANT

Mob - +918340717039

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 14 वीं किस्त के लिए करा लें ई-केवाईसी

# 28 को किसानों के खातों में ट्रांसफर होंगे18 हजार करोड़ रुपये




**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 14 वीं किस्त जल्द जारी की जा सकती है। पीएम मोदी 28 जुलाई को किसानों के खाते में किस्त के 18 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर कर सकते हैं। अगर आप भी इस किस्त का इंतजार कर रहे हैं तो जल्द ई-केवाईसी करा लें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर साल तीन किस्तों में 6 हजार रुपए की सहायता दी जाती है। चार महीने के अंतराल पर एक किस्त जारी की जाती है। राज्य सरकारें ऐसे किसानों की जोत के साथ उनके बैंक खाते और अन्य ब्यौरा केंद्र सरकार को मुहैया कराती है। 1 दिसम्बर 2018 से लागू इस योजना का फायदा देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। अभी तक इस योजना की 13 किस्त जारी हो चुकी हैं। अंतिम किस्त 27 फरवरी को जारी की गई थी, जिसमें 8 करोड़ किसानों को सहायता राशि दी गई थी। 11वीं किस्त 10 करोड़ किसानों को मिली थी जबकि 12वीं किस्त 8 करोड़ किसानों को ही मिल पाई, क्योंकि कई किसान अपात्र होते हुए भी इस योजना का लाभ ले रहे थे।

**ई-केवाईसी के बिना लटक जाएगी किस्त :** यह योजना पहले छोटे और सीमांत किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए ही बनाई गई थी, हालांकि बाद में इस योजना में सभी किसानों को शामिल कर लिया गया। खेती से बमुश्किल परिवार का भरण-पोषण करने वाले छोटे किसानों के लिए यह योजना अत्यन्त उपयोगी साबित हो रही है। बुवाई से ठीक पहले किसानों को इस नगदी से बीज, खाद आदि खरीदने में काफी मदद मिल रही है। वहीं, 14 वीं किस्त की राह देख रहे किसानों को जल्द ही ई-केवाईसी करानी होगी। यह काफी आसान है। किसान अपने नजदीकी सीएससी में जाकर केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करा सकते हैं। इसके अलावा भूलेखों का प्रमाणीकरण भी जरूरी है। नजदीकी कृषि कार्यालय जाकर किसान यह काम पूरा करा सकते हैं। एप्लीकेशन फार्म भरने में सावधानी बरतें, नाम, पते, जेंडर, आधार नंबर, एकाउंट नंबर आदि में की गई गलती से भी आपकी किस्त लटक सकती है।

## खबरें फटाफट

### चोरी का स्कॉर्पियो मिलने पर प्राथमिकी

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाना क्षेत्र के खलकोचक गांव में स्कॉर्पियो गाड़ी लावारिस हालत में खड़ा देख ग्रामीणों द्वारा मखदुमपुर थाने को सूचित किया गया था। जिसके बाद स्कॉर्पियो गाड़ी को 2 दिन पूर्व मखदुमपुर पुलिस द्वारा जब्त कर थाने लाया गया था। मामले में सत्यापन के बाद मखदुमपुर थाने में खलकोचक गांव निवासी सूरज कुमार के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर खलकोचक गांव में अज्ञात वाहन खड़ी मिली। आए दिन यहां पर अज्ञात वाहन आता जाता रहता है। जिसका सत्यापन करने पुलिस खलकोचक गई और वहां से स्कॉर्पियो गाड़ी को जब्त कर थाने लाया गया। उन्होंने बताया के जांचोपरांत स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी की पाई गई, जिसमें मखदुमपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नेफेड ने लगाया स्टॉल, बेचे 80 रुपए किग्रा टमाटर

**आरा।** एनसीसीएफ और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) रविवार को टमाटर 80 के प्रति किलो पर बेच रहा है। आरा के नवादा चौक पर सरकार ने रियायती दरों पर टमाटर की बिक्री शुरू की गई है। नेफेड के सदस्यों ने बताया कि आरा समेत दिल्ली, नोएडा, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, पटना, मुजफ्फरपुर के कई स्थानों पर 80 किलो के भाव पर टमाटर की बिक्री शुरू की गई है। जिसके बाद शहर के अलग-अलग इलाकों में सोमवार से इसी दर पर टमाटर बेची जाएगी। शहर के अलग-अलग जगहों पर टमाटर करीब 130 से लेकर 250 प्रति किलो बेची जा रही है। भारत की सरकार ने नेफेड जैसी संस्था से देश के उपभोक्ताओं को टमाटर कम और उचित मूल्य पर प्राप्त हो सके। इसलिए देश भर में टमाटर की बिक्री का रेट सरकार ने तय की है।

### बाइक से घूमने निकले थे दो दोस्त, सदर अस्पताल लाने के दौरान तोड़ा दम

# भोजपुर में दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत, दो जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के  टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज स्थित आरा-बड़हरा मार्ग पर शहर के विश्वकर्मा मंदिर के समीप रविवार की सुबह दो बाइक में भिड़ंत हो गयी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। साथ ही, हादसे में मृतक के दोस्त सहित दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए।? घायलों में एक को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया है। वहीं, दूसरे का इलाज शहर के किसी प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज निवासी धर्मेंद्र प्रसाद का 19 वर्षीय बेटा सोनू कुमार बताया जा रहा है। घायलों में उसके मुहल्ले का दोस्त 19 वर्षीय अमन कुमार और दूसरी बाइक पर सवार एक अन्य युवक शामिल है।

सोनू के पिता धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि रविवार की सुबह वह खेत में काम करने गए थे। उसी दौरान अपने दोस्त अमन कुमार के साथ बाइक से विश्वकर्मा मंदिर की तरफ घूमने निकला गया। तभी हादसा हो गया। सूचना मिलने? वह लोग फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद सोनू और उसके दोस्त अमन को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा सोनू कुमार को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अमन कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जाता है कि युवक अपने दो भाई और पांच बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां कांति देवी, बहन आरती, दीपा, रूपा, रिमझिम, टूसी और भाई रुदल है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां कांति देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



■ घायलों में एक गंभीर हालत में पटना रेफर, दूसरे का आरा में हो रहा इलाज



### ऑटो की टक्कर से महिला की गई जान

**आरा।** जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के बहरी गांव में शनिवार की देर शाम ऑटो में सड़क किनारे जा रही एक बुजुर्ग महिला को रौंद डाला। उसमें घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतका बहरी गांव निवासी बलिराम सिंह की 75 वषीर्या पत्नी शिवझारो देवी थी। परिजनों ने बताया कि उनका घर मेन रोड किनारे है। शनिवार की देर शाम वह घर से कुछ दूरी पर स्थित चापाकल पर पानी लेने जा रही थी। तभी विपरीत दिशा से आ रही ऑटो ने उन्हें रौंद दिया। उससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद वहां मौजूद लोगों की सूचना पर परिजन पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि महिला को दो बेटे और एक बेटी है।

## बोरिंग लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से पलंबर की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ गांव में रविवार की सुबह करंट की चपेट में आने से एक पलंबर की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक हरनाथ कुंडी गांव निवासी स्व. रीतलाल धानुक के बेटे फदर धानुक थे।

उनकी पत्नी बुटनी देवी ने बताया कि वह पिछले तीन दिन से मसाढ़ गांव के एक व्यक्ति का बोरिंग लगाने के काम में लगे थे। रविवार की सुबह भी उस व्यक्ति ने उन्हें बोरिंग लगवाने के लिए मसाढ़ गांव स्थित बधार में ले जाया गया था। वहां काम करने के दौरान वह करंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस आरा सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। हादसे के बाद प्लंबर मिस्त्री के घर में कोहराम मच है। बताया जा रहा है कि प्लंबर अपने दो भाई में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी बुटनी देवी, छह पुत्री, पुत्र निर्मल और सीताराम है। पत्नी सहित परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।



## लूट का विरोध करने पर कपड़ा व्यवसायी पर फायरिंग, विरोध में पवना बाजार में सड़क जाम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवना बाजार में शनिवार की देर शाम अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर एक कपड़ा दुकान में लूटपाट की गयी। अपराधियों ने दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपए नगद और सोने की चेन छीन लिया। वहीं, विरोध करने पर ताबड़तोड़ फायरिंग भी की। मौके पर तीन राउंड फायरिंग की बात कही जा रही है। घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया गया है। हालांकि व्यवसायी और उनके पुत्र फायरिंग में बाल-बाल बच गए। घटना पवना बाजार के कपड़ा व्यवसायी विनोद प्रसाद केशरी के साथ हुई है। वारदात को अंजाम देने का आरोप पवना थाने के भगवानपुर गांव निवासी कन्हैया यादव और उनके बेटे सोनू यादव, मनी यादव और धनु यादव पर लगाया है।

इधर, घटना के बाद व्यवसायी आक्रोशित हो उठे। रविवार की सुबह अगिआंव के भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल के नेतृत्व में व्यवसायियों सहित काफी संख्या में लोग सड़क पर उतर गये। अपराधियों की गिरफ्तारी और एसपी को बुलाने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया गया। इस कारण आरा अरवल रोड पर घंटों आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में पवना सहित आसपास के थानों की पुलिस पहुंच गयी। एएसपी के काफी मशक्कत के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।



## एक नजर

### रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**आरा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पश्चिमी गुमटी के समीप रविवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गयी। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर ही रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतका नवादा थाना क्षेत्र के आनइठ मोहल्ला निवासी स्व.अजीत कुमार की 50 वषीर्या पत्नी कंचन देवी थी। घटना के संबंध में पूर्व मेयर सुनील यादव ने बताया कि रविवार की सुबह महिला नगर थाना क्षेत्र के पुरानी पुलिस लाइन अपनी बहन मीना देवी के घर जा रही थी। उस क्रम में जब आरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी गुमटी के समीप ट्रैक पार कर रही थी। उसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गयी। उससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला के पति अजीत कुमार की बीमारी के कारण 15 वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। उनको तीन पुत्र रोहित, रितेश और विशाल है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।



### दूसरे रविवार को 50 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, सुरक्षा के थे व्यापक प्रबंध

**जहानाबाद।** जिले का ऐतिहासिक प्राकृतिक छटाओं से परिपूर्ण मखदुमपुर प्रखंड का वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में सावन के दूसरे रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान बोल बम एवं हर हर महादेव, जय भोलेनाथ की जयघोष से पूरा पहाड़ी इलाका गूंजता रहा। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के गऊघाट, हथियाबोर, वाबन सीढ़िया एवं पताल गंगा इलाके में बने जलस्त्रोतों से स्नान कर बोल बम के जयघोष करते हुए पहाड़ की चोटी स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने अरघा सिस्टम के माध्यम से जलाभिषेक किया। वहीं भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। मंदिर परिसर में महिला पुलिस, जिला बल के जवान भी लगाए गए है। मंदिर के महंत अभिमन्यु नाथ भारती, प्रबंधक भानु प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह, पुजारी छोटू पांडेय ने बताया कि सावन के दूसरे रविवार को 50 हजार श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि भीड़ को देखते हुए पूरे महीने के लिए मंदिर परिसर में अरघा सिस्टम की व्यवस्था की गई है।



### पुलिस ने डकैती कांड का किया उद्भेदन

**अरवल।** पुलिस अधीक्षक मो. कासिम ने रविवार को बताया कि रोहतास जिला के चेनारी थाना क्षेत्र के निवासी मनोज कुमार सिंह से बाइक सवार पांच अज्ञात अपराधकर्मियों ने कलेर थाना क्षेत्र के अमीर विगहा नहर रोड पर से दो मोबाइल एवं दो हजार रुपया तथा बैग में रखे जमीन के कागजात एवं अन्य समानों को पिस्टल का भय दिखाकर लूट लिया था। जिस संबंध में कलेर थाना में प्राथमिकी किया गया था। उस कांड के अनुसंधान एवं सफल उदभेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें कलेर थाना के पदाधिकारी एवं जिला इकाई के टीम को शामिल किया गया था। उक्त टीम के द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर कांड में लूटी गई मोबाइल का पता लगाया गया। गठित टीम के द्वारा शनिवार को अमीर विगहा स्थित चिंटू कुमार पिता स्व. नगीना सिंह के घर पर छापेमारी कर चिंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया।






### जमीन विवाद में रिश्तेदारों ने पिता-पुत्र पर किया था जानलेवा हमला, एक गिरफ्तार

# तलवार के हमले में घायल बेटे की मौत अस्पताल में भर्ती पिता की स्थिति गंभीर

- शनिवार की देर शाम शक्ति द्वार मोहल्ले की है घटना
- मृतक की बुआ ने छह पर दर्ज कराया एफआईआर

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शनिवार की देर शाम नगर का शक्तिद्वार रोड मोहल्ला रणक्षेत्र में बदल गया था। इस दौरान एक पक्ष द्वारा जमीन के चंद टुकड़ो के लिए अपने रिश्देर पिता-पुत्रों पर तलवार से हमला कर दिया गया। जिसमें पुत्र महताब हुसैन 19 वर्ष की इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गई जबकि उसके पिता मो गफ्फार भी जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। गंभीर अवस्था में बीएचयू के ट्रामा सेंटर में उनका इलाज चल रहा है।

इधर, महताब के शव को बीच रास्ते से ही लेकर परिजन वापस आ गए। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉटम करा परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में मृतक की बुआ ने कुल छह लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी समेत पांच फरार हो गए है। जानकारी के अनुसार मो गफ्फार तथा पड़ोसी मो कमालुद्दीन आपस में रिश्तेदार है। लेकिन उनके बीच एक भूखंड को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में शनिवार की शाम कमालुद्दीन के पुत्रों व मो इमामुद्दीन तथा अन्य लोगों ने गफ्फार तथा उसके पुत्र महताब पर तलवार व अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे उनकी हालत चिंताजनक बन गई। आस पास के लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहा प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। रात में ही परिजन दोनों को बेहतर ईलाज के लिए लेकर बनारस जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही महताब ने दम तोड़ दिया। इस मामले में मो कमालुद्दीन के अलावे उनके तीन पुत्रों मो जफर, सोनू, मो आजाद तथा मो इमामुद्दीन व मनोज तुरहा को नामजद किया गया है। पुलिस ने कमालुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया है।

### परिवार वाले कुछ बोलने से करते रहे परहेज

चूकि यह वारदात रिश्तेदारों के बीच हुआ था इसलिए मोहल्ले वालों को रात में पूरी घटना की भनक तक नहीं लग पाई थी। परिवार वाले भी कुछ बोलने से परहेज कर रहे थे। इस दौरान इस बात की चर्चा भी हुई कि गफ्फार तथा महताब के बीच ही विवाद हुआ था। लेकिन सुबह में यह साफ हो गया कि दोनों पिता पुत्रों पर उसके रिश्तेदार कमालुद्‌दीन तथा इमामुद्दीन हमला किया था। इमामुद्दीन को मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। जो फिलवक्त फरार हो गया है। वहीं इस घटना को ले मोहल्ले में तनाव कायम है।

### क्या कहते है एसडीपीओ :

इस मामले में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि जमीन विवाद में रिश्तदारों के बीच खूनी संघर्ष हुआ है। जिसमें एक युवक की मौत हो चुकी है जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई हैं। उन्होंने कहां कि एफआईआर दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मुफ्त राशन योजना में डीलर द्वारा पैसा मांगने की शिकायत पर बिफरे केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे रविवार को बक्सर विधान सभा में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान बक्सर के वार्ड संख्या-15 में सीताराम संग्रहालय के पीछे बस्ती के लोगों ने निःशुल्क अनाज वितरण में कोटेदार द्वारा 20-40 रुपया प्रति कार्ड राशि लेने की शिकायत की। साथ ही बताया कि बस्ती में 90 प्रतिशत परिवारों को गैस कनेक्शन नहीं मिला है। लोगों से शिकायत सुनने के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे ने एसडीएम बक्सर से बातचीत की। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि शिकायत की जांच हो और नियमानुसार कार्रवाई की जाए। कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं में भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिहार में लूट तंत्र और लाठी तंत्र मजबूत हो गया है। चारों तरफ लूट मची हुई है। गरीबों की हकमारी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने अन्य केंद्रीय योजनाओं की जानकारी लोगों से ली तथा इस बात की तस्दीक की कि बक्सर में केन्द्रीय योजनाए ठीक ढंग से धरातल पर उतर रही है कि नहीं।

**पुत्री शोक से पीड़ित भाजपा नेता को बंधाया ढांढस :** केंद्रीय राज्यमंत्री ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सतीश दुबे के घर पहुंच उन्हें ढांढस बंधाया। बता दें कि हाल ही में दिल्ली में इलाज के दौरान उनकी बेटी का निधन हो गया था। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश पांडेय से भी मुलाकात की।






## आरा से चोरी गई बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार, एक फरार

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

कृष्णाब्रह्म पुलिस ने शनिवार की शाम वाहन चेकिंग अभियान के दौरान टुड़ीगंज बाजार से चोरी की एक बाइक के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जबकि उनका तीसरा साथी फरार हो गया है। रविवार को डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृष्णाब्रह्म पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरा रजिस्ट्री आफिस के पास से चोरी की गई बाइक से बाइक चोर टुड़ीगंज बाजार आ रहे है। इस सूचना पर डुमरांव एसडीपीओ के निर्देश पर कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम ने टुड़ीगंज बाजार में दस्तक दें चोरी की बाइक के साथ रेहियां गांव निवासी मंटू कुमार के साथ एक किशोर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछ ताछ के क्रम में सोवा गांव निवासी आदर्श कुमार का नाम भी सामने आया जो अभी फरार चल रहा है। बरामद की गई हीरो बाइक की चोरी जून महीने में आरा से की गई थी। गिरफ्तार किए एक को बक्सर जेल भेज दिया गया है जबकि किशोर को बाल सुधार गृह भेजने की तैयारी की जा रही थी।

## तीन दिन पहले नावानगर के बुढ़ैला नहर पुल के समीप लूटी गई कार बरामद, एक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नावानगर थाना क्षेत्र के बुढ़ैला नहर पुल के पास 13 जुलाई की शाम हथियारबंद लूटेरों द्वारा लूटी गई ऑल्टो कार को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में एक लूटेरा भी गिरफ्तार हुआ है। जबकि घटना में शामिल अन्य पांच लूटेरें फरार हो गए है।

जानकारी के अनुसार बिहटा, पटना के विकास कुमार अपनी ऑल्टो कार से 13 जुलाई की शाम कोरानसराय सोनवर्षा नहर मार्ग से गुजर रहे थे। वो जैसे ही बुढ़ैला नहर पुल के पास पहुंचे कि दो अपाची बाइक पर सवार छह लूटेरों ने उनकी कार को ओवर टेक कर रूकवाई तथा गन प्वाइंट पर लूट लिए। पीड़ित ने इसकी सूचना नावानगर पुलिस को दी। उनके बताए हुलिए के आधार पर पुलिस लूटेरों की धर पकड़ में जुट गई। शनिवार की शाम बक्सर पुलिस इटाढ़ी रेलवे क्रासिंग के पास वाहन चेकिंग चला रही थी। इसी दौरान एक आरोपी वहां लूटे गए कार के साथ पहुंचा तथा पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और कार के संबंध में पूछताछ की तो सच्चाई बता दिया। जिसके बाद उसे नावानगर पुलिस को सौंप दिया गया। गिरफ्तार लूटेरे की पहचान ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के पोखरहा गांव के महेन्द्र सिंह यादव पिता बीर बहादूर यादव के रूप में हुई है। रविवार को एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी।

### विवाहिता हत्याकांड में तीन गिरफ्तार, जेल

**डुमरांव।** सिमरी थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में शनिवार को हुए विवाहिता लक्ष्मी देवी 22 हत्याकांड में मृतका के चाचा श्रीकांत यादव के बयान पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में पति भरदुल यादव, ससुर लक्ष्मण यादव तथा सास कलवंती देवी शामिल है। रविवार को एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को काजीपुर गांव में विवाहिता लक्ष्मी देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सिमरी पुलिस ने उसके कमरे से शव बरामद किया था। शव पलंग पर पड़ा था तथा गले में फंदा लगा था। तब उसके ससुर ने बताया कि वह फांसी लगा ली थी। इसकी सूचना मिलते ही मैं खेत से आया और उसकी जान बचाने की नियत से फंदे को काट दिया। लेकिन मृतका के चाचा व नैनीजोर ओपी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीडेरा निवासी श्रीकांत यादव ने इस मामले में ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया।

## बक्सर में आयोजित होगी मोईनुल हक फुटबॉल प्रतियोगिता, शामिल होंगे कई नामचीन खिलाड़ी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



इस बार फुटबॉल की चर्चित मोईनुल हक प्रतियोगिता बक्सर में आयोजित कराई जाएगी। प्रतियोगिता की तैयारी शुरू हो गई है। रविवार को नगर के संत जान सीनियर सेकेन्डरी स्कूल परिसर में जिला फुटबॉल संघ की एक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष सह स्कूल के डायरेक्टर डॉ. रमेश सिंह ने की। उन्होंने कहा कि इस बार मोईनुल हक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बक्सर में कराया जा रहा है। इसको लेकर सभी क्लब ने तैयारी शुरू कर दी है।

उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए 26 जुलाई को इसी विद्यालय में जिले के सभी रजिस्टर्ड क्लब की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें इस प्रतिष्ठित फुटाबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाने पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोईनुल हक प्रतियोगिता की मेजबानी जिले के लिए गर्व की बात है तथा फुटबॉल प्रेमियों में अभी से ही उत्साह व्याप्त है। डा सिंह ने कहा कि संभवतः अगस्त के आखिरी सप्ताह में जिले के विभिन्न खेल मैदानों में मोईनुल हक प्रतियोगिता के तहत मैच आयोजित होंगे। जिसमें राज्य के कई नामी गिरामी क्लबों के खिलाड़ी शामिल होंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि इस आयोजन से जिले के युवा खिलाड़ियों को भी अपने खेल कौशल को निखारने का मौका मिलेगा। बैठक में उपाध्यक्ष राजू सिंह, इस्लाम अंसारी, रामएकबाल सिंह कुशवाहा, अमरेन्द्र पांडेय, सचिव जनार्दन यादव, सुनील पासवान, नंद किशोर लाल, बिरेन्द्रजी, मो चांद खां व अन्य मौजूद थे।






### दियारा इलाके में आर्सेनिक से मुक्ति दिलाने के लिए जापान से पहुंची वैज्ञानिकों की टीम

# वैज्ञानिकों ने दियारा इलाके से लिये पानी के नमूने

**केटी न्यूज/डुमरांव**



दियारें इलाकें के पानी में आर्सेनिक तथा उससे उत्पन्न होने वो चर्म रोगों व कैंसर पर शोध कर रही महावीर कैंसर संस्थान पटना के वैज्ञानिक के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की एक टीम ने रविवार को दियारा इलाके का दौरा किया। टीम में जापान की एक वैज्ञानिक भी शामिल थी। इस दौरान टीम द्वारा भिक्षु के डेरा, बड़का राजपुर तथा योगी बाबा के डेरा गांव के कई चापाकलों और मोटर के पानी का नमूना जांच के लिए लिया है। वही महावीर कैंसर संस्थान तथा वॉटरएड के संयुक्त तत्वावधान में एक साल पहले भिक्षु के डेरा के 20 घरों में फिल्टर लगवाया गया था जबकि योगी बाबा के डेरा गांव के 27 परिवारों को फिल्टर वाले पानी की आपूर्ति पाइप से करवाई जा रही है। एक साल बाद टीम ने उन लोगों का परिक्षण भी किया जो फिल्टर का पानी पी रहे है।

महावीर कैंसर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि एक साल तक फिल्टर के पानी का उपयोग करने वालों के शरीर में आर्सेनिक व फ्लोराइड की मात्रा काफी कम हो गई है। उन्होंने कहा कि फिल्टर वाले पानी पीने से दियारा वासियों को आर्सेनिक तथा फ्लोराइड के जहर से मुक्ति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि वृहत पैमाने पर जांच की जा रही है। जरूरत पड़ने पर और फिल्टर की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल जिन जलस्त्रोतों के पानी का उपयोग ग्रामीण कर रहे है उसका नमूना लिया गया है। जांच में आर्सेनिक या अन्य किसी ऐसे तत्व की मात्रा अधिक मिलती है जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है तो लोगों को इससे आगाह करवाया जाएगा तथा उन्हें फिल्टर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। टीम में जापान से आई वैज्ञानिक डा मैको साकामोटो के अलावे आईआईटी रूढ़की की वैज्ञानिक डा साकंबरी पाढ़ी तथा शोधार्थी मेधा शर्मा व देवकृष्ण चौधरी शामिल थे।

**कैंसर मरीज के घर पहुंच की गई जांच :** इस दौरान टीम दियारें इलाके से निकलने के बाद जिला मुख्यालय स्थित जहाज घाट पहुंची। जहां कैंसर मरीज बिंदू देवी के घर जाकर उनकी स्वास्थ जांच की गई तथा जरूरी दवाएं मुहैया कराई गई। इस दौरान टीम ने आस पास के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया तथा उन्हें कैंसर तथा अन्य गंभीर मर्जों से बचाव के उपाय भी बताए।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष व सपा के राष्ट्रीय सचिव ने भाजपा के खिलाफ भरी हुंकार

# भाजपा कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे थाने व तहसील के अधिकारीः रामगोविंद

केटी न्यूज/बलिया

समाजवादी पार्टी विधानसभा बांसडीह के कार्यकताओं की बैठक एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन आदित्य लाज कोल्ड स्टोरेज के पास दराव में रविवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री राम गोविंद चौधरी ने अपने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी संघर्षशील कार्यकताओं की पार्टी है, हमारे कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष से पीछे नहीं हटते। यही कारण है कि समाजवादी पार्टी कभी कमाजोर नहीं हुई। समाजवादी जब सत्ता में होते हैं तो जनहित के कार्य एवं विकास हित के कार्य करके जनता के सुख दुख में सम्मिलित रहते हैं और जब हम विपक्ष में होते हैं तो सड़क से लेकर सदन तक जनता के सवालों पर संघर्ष कर जनता के दिलों पर राज करते हैं।

रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि आज थाने और तहसील भाजपा कार्यालय और अधिकारी भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं हमारे कार्यकताओं को फर्जी मुकदमे में फंसाने



■ बांसडीह विस के सपा कार्यकताओं की बैठक एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

और प्रताड़ित करने का मुहिम चल रहा हैं जिसे अब बर्दास्त नही किया जाएगा और सड़क पर उतर कर ऐसे नापाक इरादों का जवाब दिया जाएगा। हम लोग अपने संघर्षों के बल पर बांसडीह जनता का शासन कायम करेगें।अधिकारियों को संविधान और नियमों अनुसार काम करना चहिए एक पक्षीय नहीं होना चहिए। संगठन पर चर्चा करते हुऐ चौधरी ने कहा कि गांव स्तर बूथ स्तर सैक्टर और जोन के गठन के बाद ही उनके सहमति और सुझाव से विधानसभा क्षेत्र के संगठन का गठन किया जाएगा।

डा. हरिमोहन सिंह, उदय बहादुर सिंह, लव कुमार सिंह, अशोक यादव, परमात्मा नंद सिंह, अमित सिंह, चितेश्वर सिंह, अनु सिंह, प्रवीण सिंह बिक्की, अमर नाथ वर्मा, श्री भगवान वर्मा, बच्चा लाल राम, जगमोहन यादव, पप्पू सिंह, राकेश तिवारी छोटे, गुड्डू मिश्र, राजू सिंह, चंदन सिंह, कन्हैया यादव, सुनील मौर्य, ललन बैशाखी, नन्दलाल यादव, बबन गिरी, छोटक राजभर, अब्दुल हक अंसारी, लाला मिश्र, अरुण यादव, जिला पंचायत सदस्य रमेश वर्मा, अनिल यादव, फागु यादव, बिजय यादव, रजनीश पांडेय, सुजीत सिंह परिहार, राणा कुणाल सिंह, रामशंकर यादव, रामदेव यादव, देवेंद्र यादव, मुन्ना राजभर, रामप्यारी पूर्व प्रधान, राजेश साहनी, अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने किया।

### इनको किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत सहतवार के निर्वाचित अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरज सिंह गुड्डू, बासडीह के सुनील सिंह और मनियर के अध्यक्ष प्रतिनिधि संकल्प सिंह के साथ ही पार्टी के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष सुशील पाण्डेय "कान्हजी", श्रीभगवान वर्मा, जिला सचिव अरुण यादव, जिला कार्यकारणी के सदस्य रमेश सिंह का माला पहनाकर राष्ट्रीय सचिव रामगोविन्द चौधरी ने सम्मनित किया।

## विद्यालय में घुसकर प्रधानाध्यापक व उनके भाई से की मारपीट, लगाई न्याय की गुहार

केटी न्यूज/बलिया

स्थानीय थानान्तर्गत खरीद गांव में स्थित एक विद्यालय में घुस कर कुछ कुछ लोगों ने प्रधानाध्यापक व उनके भाई के साथ मारपीट किया। जिससे प्रधानाध्यापक व उनके भाई सहित कुछ बच्चे भी घायल हो गए। इस सम्बंध में प्रधानाध्यापक ने पुलिस को सूचना दे दिया है।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत खरीद गांव में स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश यादव ने गांव के कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए बताया कि मैं 14 जुलाई को विद्यालय प्रांगण में करकट डालने



के लिए पाया का निर्माण करा रहा था। उसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने विद्यालय में पहुंच कर हम दोनों भाइयों से मारपीट करने के साथ ही ईंट पत्थर चलाने लगे, जिससे बच्चों में भगदड़ मच गई। बच्चे डर के मारे इधर उधर भागने लगे और चिल्लाने लगे। इस दौरान मैं और मेरा भाई के साथ कुछ बच्चे भी घायल हो गए। हम दोनों भाई घायल अवस्था में थाने पर गए, जहां पुलिस द्वारा हम लोगों का मेडिकल कराया गया। बाद में डॉक्टर ने हम दोनों भाइयों को बलिया रेफर कर दिया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग नहीं चाहते हैं कि हम लोग गांव में स्कूल चलाएं। इसीलिए आए दिन हम लोगो को प्रताड़ित करते हैं। हम दोनों भाई प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हैं।




## चोरी की दो बाइक के साथ तीन गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद

केटी न्यूज/बलिया

पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के आदेश के अनुपालन में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रसड़ा प्रवीण कुमार सिंह की टीम को सफलता मिली है। पुलिस नेतीन नफर अभियुक्त को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके कब्जे से चोरी की दो बाइक, तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद किया है।

टीम के उप निरीक्षक अमरजीत यादव मय फोर्स ने कार्यवाही करते हुए दिव्यांशु सिंह पुत्र दामोदर सिंह (निवासी : कैलीपाली, रसडा, बलिया), रिशु सिंह पुत्र संतोष सिह व विनय कुमार सिंह पुत्र स्व. अजय कुमर सिंह (निवासीगण महतवार, रसड़ा, बलिया) को चोरी की दो बाइक, तमंचा और जिन्दा कारतूस के साथ महतवार चट्टी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर रसड़ा पुलिस ने धारा 41, 411, 413, 414 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को चालान न्यायालय कर दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अमरजीत यादव, हेड कां. उमेश कुमार, का. अजीत सिहं व का. मानस सिंह शामिल रहे।

## जनपद में बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान करे प्रदेश सरकारः शमीम खान

केटी न्यूज/बलिया

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक बहेरी स्थित पार्टी के कैंप कार्यालय पर रविवार को आयोजित हुई। इस दौरान पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि पिछले साल भी पार्टी ने प्रशासन से आग्रह किया था कि बाढ़ को लेकर ठोस कार्रवाई की जाए, लेकिन बाढ़ राहत के लिए न तो स्थाई समाधान किया गया और ना विस्थापितों के लिए राहत कार्यक्रम चलाया गया। विस्थापितों के लिए सरकार के पास कोई ठोस योजना भी नहीं है।

कहा कि नगर पालिका में पटरी व्यापारियों व ठेले के व्यवसायियों को बगैर उचित स्थान दिए ही उन्हें प्रशासन द्वारा हटा दिया, आज उनके परिवार के सामने भरण पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है, नगरपालिका इतने संवेदनहीन



कैसे हो सकती है, अगर जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो हमारी पार्टी सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता,जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जिला संयुक्त सचिव शमशीर अहमद व अन्य मौजूद रहे।

## एसपी ने पांच उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक बलिया एस आनंद ने पांच उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। यह बदलाव जनहित/प्रशासनिक हित में लिया गया है। एसपी ने सम्बंधितों को निर्देशित किया है कि स्थानान्तरित उप निरीक्षक तत्काल आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें। एसपी ने उप निरीक्षक हितेश कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी मंडी थाना कोतवाली की जिम्मेदारी दी है। सुखपुरा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी बसंतपुर के प्रभारी उप निरीक्षक बाक बहादुर को रसड़ा कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी रसड़ा उत्तरी की जिम्मेदारी मिली है। शहर कोतवाली की पुलिस चौकी ओक्टेनगंज के प्रभारी उप निरीक्षक अजय त्रिपाठी को बैरिया थाने का एसएसआई बनाया गया है। वही, बैरिया थाने के एसएसआई गिरिजेश सिंह को पुलिस चौकी इंचार्ज ओक्टेनगंज बनाया गया है। मनियर थाने से उप निरीक्षक राजीव पाण्डेय को प्रभारी चौकी चॉददीयर थाना बैरिया भेजा गया।

## आपस में मिलजुल कर और सद्भावना के साथ त्योहारों को खुशनुमा माहौल में मनाएंः भूषण

केटी न्यूज/बलिया

आगामी त्योहार मातमी पर्व मोहर्रम के मद्देनजर सिकंदरपुर अंतर्गत खेजूरी थाना के प्रांगण में क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर भूषण वर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।बैठक में मोहर्रम के अवसर पर की जाने वाली जरूरी व्यवस्थाओं एवं उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा कर जुलूस को सद्भावपूर्ण वातावरण में निकालने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में क्षेत्रधिकारी भूषण वर्मा ने त्यौहारों की महत्ता के बारे में चर्चा कर उन्हें सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाने पर बल दिया। लोगों से कहा कि आपसी सद्भाव न टूटे, आपस मे मिलजुल कर सभी त्योहारों को खुशनुमा



◆ आगामी त्योहार मोहर्रम के मद्देनजर खेजूरी थाना के प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

माहौल में मनाइये। कहा कि आप सभी लोग आपसी सद्धभाव से मिलजुल कर त्यौहार मनाए।उन्होंने अराजक तत्वों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि त्यौहारो को लेकर पुलिस बिल्कुल अलर्ट मोड में है। कोई भी गड़बड़ी की तो कठोर से कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर थानाध्यक्ष बिंदेश्वर पांडे,निरीक्षक अपराध हरिंदर यादव, उप निरीक्षक पन्नालाल, उप निरीक्षक शकील अहमद,थाने के सभी सिपाही सहित क्षेत्र के सभी प्रधान व संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।




### राज सूरथ और वैश्य ने वर्षों तक की थी तपस्या, तब वहां उत्पन्न हुआ शिवलिंग

# शोकहरण नाथ महादेव मंदिर में पूरी होती है मन्नतें



**दूसरी सोमवारी पर विशेष**

तिलक कुमार/बलिया

श्रावण मास चल रहा है। ऐसे में देश, प्रदेश के कोने कोने से शिवभक्तों का तांता लगा हुआ है। वहीं बांसडीह तहसील अंतर्गत बेरुआरबारी के पास असेगा गांव में स्थित महादेव मंदिर की भी प्रसिद्धि कम नहीं है, जहां भक्तों की मन्नते पूर्ण होती है।

हिंदू धर्म आस्था का प्रतीक माना जाता है। लेकिन सच्चाई तो यह है कि जिसकी मन्नत जहां पूर्ण हो जाती है वही देव स्थल आस्था का केंद्र बन जाता है। देवों के देवमहादेव अनादि और अनंत है। प्रत्येक देवी-देवताओं की जन्म कथाएं प्रचलित है, किंतु महादेव अजन्म्य है। अर्थात वो इस श्रृष्टि की रचना से पूर्व है, तथा जब यह श्रृष्टि समाप्त हो जाएगी, उसके बाद केवल महादेव ही होंगे। बलिया की धरा ऋषियों मुनियों एवं देवी देवताओं की धरती कही जाती हैं। मार्कण्डेय पुराण व दुर्गा सप्तशती में वर्णित है कि एक राजा सूरथ भी हुए थे। राजा सुरथ का स्थान मार्कण्डेयपुराण में सुरहा का तट ही निर्धारित है, जिन्होंने सुरहाताल के किनारे कई मंदिरों की स्थापना की। उन्हीं मंदिरों में से एक बांसडीह - सुखपुरा मार्ग पर बेरुआरबारी के पास बाबा शोकहरण नाथ महादेव का मंदिर असेगा गांव में स्थित हैं।

**राजा सुरथ व वैश्य की तपस्या से उत्पन्न हुआ था शिवलिंग :** पहले असेगा का नाम शोका था, बुजुर्गों के मुताबिक ऐसी मान्यता है कि एक बार राजा सुरथ एवं एक वैश्य अपने पुत्र से दुखी होकर मेघा ऋषि के आश्रम पर जा पहुंचे। मेघा ऋषि आश्रम सदर तहसील क्षेत्र के आमघाट गांव के बगल में सुरहा किनारे स्थान बिराजमान है, वहीं राजा सुरथ व वैश्य ने वर्षों तक तपस्या की। उन दोनों की तपस्या से शिवलिंग उत्पन्न हुआ। उस शिवलिंग की स्थापना राजा सुरथ ने कर दिया। बाद में इस शिवलिंग का नाम शोकहरण नाथ महादेव के रूप में प्रसिद्ध हो गया। तब से ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त दुखी होकर शोक में डूबा रहता है तो बाबा शोकहरण नाथ के दर्शन से शोक व दुख का हरण हो जाता है। वैसे तो हर रोज यहां दूर दर्राज से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। लेकिन सावन के अलावा फाल्गुनी महाशिवरात्रि के समय एक माह का विराट मेला लगता हैं।



## यह पर्यटक स्थल नहीं है साहब...

डुमरांव। चारों तरफ हरियाली की चादर ओढ़े यह नजारा आपका मन मोह लेगा। लेकिन यह खुबसूरती किसी पर्यटन स्थल की नहीं बल्कि डुमरांव के रिहायशी इलाके में शामिल संत कॉलोनी की है। देखने में यह भले ही यह खुबसूरत नजर आ रही है। लेकिन हकीकत है कि यहां के रहने वालों के लिए किसी विपदा से कम नहीं है। जलजमाव के कारण यह विपदा उत्पन्न हुई है। जलजमाव के बीच ही लोगों का घर से आना जाना हो रहा है। इससे न केवल उन्हें कई दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि उन्हें संक्रामक बीमारियों व विषैले जंतुओं का खतरा बना हुआ है। बावजूद नगर परिषद प्रशासन बेखबर बना हुआ है। जिस कारण लोगों में गहरी नाराजगी है।

## जहूराबाद विधायक ओमप्रकाश राजभर ने एक बार फिर भाजपा से हाथ मिलाया

**केटी न्यूज/लखनऊ**

वर्ष 2024 में होने वाले संसदीय चुनाव से पहले बीजेपी ने विपक्ष को एक और बड़ा झटका दिया। गाजीपुर जनपद के जहूराबाद विस के विधायक ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एक बार फिर से एनडीए में शामिल हो गई है। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने शनिवार को दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को ट्वीट करके इसका एलान किया है। अमित शाह ने ट्वीट करते हुए लिखा कि ओम प्रकाश राजभर से



दिल्ली में मुलाकात हुई।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन में आने का फैसला लिया है। मैं उनका एनडीए परिवार में स्वागत करता हूं। राजभर के आने से उत्तर प्रदेश में एनडीए को मजबूती मिलेगी और पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए द्वारा गरीबों व वंचितों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को और बल मिलेगा। उधर लखनऊ में सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि हमारी पार्टी और भाजपा ने आगामी 2024 चुनाव मिलकर लड़ने का फैसला लिया है। 15 तारीख को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई और विभिन्न बिंदुओं पर बात हुई। दोनों दल के मिलने से पूरे प्रदेश में एक बड़ी ताकत पैदा होगी। देश के प्रधानमंत्री की जो सोच है उसे आगे बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी।

### उप्र विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की बैठक हुई संपन्न

# जनता की बातों को गंभीरता से सुनें जनपद के सभी आला अधिकारी: आशुतोष सिन्हा

**केटी न्यूज/बलिया**

उप्र विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की बैठक एमएलसी आशुतोष सिन्हा की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें सदस्य के रूप में मौजूद शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी यादव व एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी ने भी जनपद की बेहतरी के लिए अपने सुझाव दिये। बैठक में प्रशासनिक, पुलिस, विकास व अन्य विभाग से सम्बन्धित विषयों पर चर्चा हुई और अधिकारियों को समिति की ओर से जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये।

एमएलसी सिन्हा ने कहा कि समिति की बैठक में दिये गये निर्देश को गंभीरता से लेते हुए हर विन्दु का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। अन्यथा बाद में समीक्षा के दौरान लापरवाही मिली तो जवाबदेही तय की जाएगी। समिति के सदस्यों ने कहा कि अधिकारी जनता की बातों को सुनें, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर समाधान सुनिश्चित कराएं। चारागाह, तालाब व ग्राम की साार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण को गंभीरता से लें और हटवाएं। जिला योजना में विधायक गण के अलावा



एमएलसी का भी प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार हो। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान आरटीई एक्ट के तहत अलाभित निर्बल परिवार के बच्चों को प्राईवेट स्कूल में प्रवेश की स्थिति की जानकारी ली। सदस्यों ने कहा कि इस नियम का प्रचार प्रसार पूरे जिले में कराया जाए। इसके माध्यम से गरीब परिवार के बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर पुनीत के भागी बनें। परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की समय से उपस्थिति पर भी विशेष जोर दिया। विकास विभाग की समीक्षा के दौरान सदस्यों ने कहा कि हर शुक्रवार को होने वाली जनचौपाल में जनप्रतिनिधियो को अनिवार्य रूप से बुलाया जाए। इससे क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान छोटे स्तर पर ही हो जाएगा। सरकारी योजनाओं से सम्बन्धित शिकायतों की जांच निर्धारित समय के अन्दर कर ली जाए। यह सुनिश्चित कराया जाए कि योजना का लाभ पात्र को ही मिले। आबकारी विभाग, व्यापार कर व परिवहन विभाग के अधिकारी से राजस्व वसूली की प्रगति की जानकारी ली। कहा कि खटारा वाहनों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करें। ओवरलोड सवारी गाड़ी नहीं चले। लोगों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए।

### जानकारी नहीं होने पर प्रोबेशन अधिकारी को फटकारा

**बलिया।** बाल संरक्षण गृह व राजकीय बालिका गृह की व्यवस्था की जानकारी ली। विभागीय आंकड़ो की पूरी जानकारी नहीं होने पर प्रोबेशन अधिकारी मु. मुमताज को फटकार लगाते हुए कड़ी चेतावनी दी। कहा कि उच्च अधिकारी भी समय-समय पर निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था पर नजर रखें। एससी एसटी एक्ट व महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की। सदस्यों ने कहा कि पुलिस इस बात का ध्यान रखे कि कोई दोषी बचे नहीं और निर्दोष फंसे नहीं। बाल श्रम से सम्बन्धित मामलों की समीक्षा के दौरान सदस्यों ने कहा कि इसके लिए औचक निरीक्षण समय-समय पर किया जाए। होटल, रेस्टोरेंट, ढ़ाबा आदि के साफ सफाई में, किचन में तथा बर्तन धोने के स्थल की जांच की जाए कि कोई बाल मजदूर तो नहीं रखा गया है। एक टीम बनाकर जांच कराई जाए। बैठक में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, एसपी एस.आनन्द, सीडीओ प्रवीण वर्मा, एडीएम डीपी सिंह, एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।






### ट्रक व कार भिड़े, दो महिलाओं की मौत

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली थाना अंतर्गत महाराजगंज के पास कार व ट्रक में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें दो महिलाओं की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वाराणसी जिले के चोलापुर थाने के गनेशपुर निवासी श्रीवास्तव परिवार अपनी कार यूपी 65डी- 8926 से गोरखपुर से वाराणसी की तरफ जा रहे थे। तभी उनकी कार ट्रक से भिड़ गई। जिसमें एक महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई और दूसरी की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृत महिलाओं में शशिबाला श्रीवास्तव (44) पति का नाम स्व. दुलारे मोहन श्रीवास्तव निवासी गनेशपुर चोलापुर व निष्ठा श्रीवास्तव (42) पति का नाम स्व. आशुतोष श्रीवास्तव निवासी तेवर चोलापुर है। घायलों में सत्यम (37), दीक्षा श्रीवास्तव (40), अर्पण श्रीवास्तव (17) तथा मन्नू श्रीवास्तव (13) हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज गाजीपुर में भर्ती कराया है।

## 27 जुलाई को एमपी–एमएलए कोर्ट में होगी मुख्तार अंसारी की अगली सुनवाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जेल में बंद सजायाफ्ता मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगेस्टर के एक पुराने मामले में गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट से फैसला आना था। लेकिन अब इस मामले में अगली तारीख 27 जुलाई पड़ी है। जिस पर अब री- आगुमेंट होगा। इस बात की जानकारी मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता लियाकत अली ने दी। इस दौरान लियाकत अली ने बताया कि करंडा थाना क्षेत्र में के सुआपुर के रहने वाले कपिलदेव सिंह की हत्या और मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के मीर हसन पर हत्या के प्रयास के मामलो को लेकर गैंग चार्ट बनाया गया था और गैंगेस्टर एक्ट के तहत बीते साल 2010 में मुकदमा दर्ज किया गया था। इन दोनों के मूल केस केस में मुख्तार अंसारी बरी हो चुके है। बाद में इन दोनों मामलों में मुख्तार अंसारी पर गैंगेस्टर



एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था, जिस पर आज फैसला आना था।

न्यायाधीश से इस मामले में शेष बहस कराने की अपील की थी। जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने 27 जुलाई 2023 की तारीख निर्धारित की है। अब इस मामले में 27 जुलाई को बहस होगी। उल्लेखनीय है कि 2009 में करंडा थाना क्षेत्र के सुआपुर गांव के रहने वाले कपिलदेव सिंह की हुई थी। हत्या जबकि 2009 में ही मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के मीर हसन ने मुख्तार पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन मुख्तार अंसारी उस समय जेल में बंद था। फिलहाल दोनों मामले के मूल केस में मुख्तार अंसारी बरी है। लेकिन साल 2010 में दोनों मामलों को गैंगचार्ट में शामिल करते हुए मुख्तार अंसारी पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। तबसे कोर्ट में कार्यवाही चल रही थी। जिसमें गाजीपुर एमपी एमएलए कोर्ट को आज 15 जुलाई को सुनाना था फैसला। लेकिन बचाव पक्ष की बहस में कुछ और बिंदुओं पर सुनवाई को लेकर मुख्तार अंसारी के वकील लियाकत अली ने मौखिक रूप से बहस की मांग कोर्ट से किया था। जिसपर न्यायाधीश ने फैसला टालते हुए रीआगुर्मेंट की मोहलत दी है। अब अगली तारीख पर होगी री आगुर्मेंट के लिए अगली तारीख 27 जुलाई को नियत की गई है ।

### एमएलसी ने भाजपा कार्यकताओं के साथ किया टिफिन, बोले- भारत के गौरव हैं पीएम

# कार्यकताओं को मजबूत करने में जुटी है भाजपा


**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शहर के रौजा स्थित बैजनाथ इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को टिफिन बैठक का वृहद आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल जिला स्तर पर हुए कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता के साथ टिफिन बॉक्स के साथ पहुंचे और कार्यकताओं के साथ सहभोज कर कार्यकताओं का जोश बढ़ाया। सबका साथ सबका विकास संकल्प को चरितार्थ करते हुए प्रधानमंत्री के नौ वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने उपरांत भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, प्रमुख समाज सेवी संगठनों, प्रमुख उद्यमियों सहित आम जनमानस के बीच भाजपा के जनप्रतिनिधि जाकर प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों के बारे में अवगत करा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त अपने बूथ स्तर के कार्यकताओं को मजबूत करने में अभी से जुट गए हैं। एमएलसी विशाल



सिंह चंचल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। पूरा विश्व अब भारत को विश्व गुरु के रूप में देख रहा है।

भारत को मजबूत बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री द्वारा लिए हुए कड़े फैसलों को विरोधी दलों द्वारा खूब विरोध किया गया, लेकिन उन्हीं कड़े फैसलों की वजह से आज प्रधानमंत्री को पूरे भारतवासी गौरव के रूप में देखते हैं। संपूर्ण भारतवासी अब जान चुके हैं कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है, जो वोट बैंक के लिए काम नहीं करती है। भारतीय जनता पार्टी जनकल्याण की भावना से और भारत को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी वर्ष 2024 की चुनावी तैयारियों को लेकर लगातार काम कर रही है। टिफिन पर चर्चा में एमएलसी विशाल सिंह चंचल अपने सरल स्वभाव के साथ एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में नजर आए। ज्यादातर सभी कार्यक्रमों मे पार्टी की ओर से जारी निदेर्शों का पालन करते एमएलसी को देखा जाता है। कार्यकर्ता और आम जनमानस एमएलसी को देखकर कार्यकर्ता भी गदगद नजर आए। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी कृष्ण बिहारी राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, वरिष्ठ नेता मनोज सिंह, ब्लाक प्रमुख राजन सिंह, युवा नेता हिमांशु सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री अविनाश सिंह, प्रबंधक अनूप तिवारी, एमएलसी प्रतिनिधि डॉ प्रदीप पाठक, अनूप जायसवाल उर्फ. अनुराग, पियूष पांडे सहित वरिष्ठ पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### डायरिया की चपेट में आए छह लोग, गांव में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

# चिंतनीय: हेतिमपुर की हरिजन बस्ती में दूषित जल से बीमार पड़ रहे हैं ग्रामीण

**केटी न्यूज/चंदौली**

शिकारगंज क्षेत्र के हेतिमपुर हरिजन बस्ती में डायरिया की चपेट में आने से आधा दर्जन ग्रामीण बीमार हो गए। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बस्ती के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करते हुए डायरिया के फैलने की कारणों का गहन जांच पड़ताल की गई। हेतिमपुर हरिजन बस्ती निवासी प्यारेलाल के दरवाजे के समीप स्थित कुआं व हैंडपंप का दूषित पानी ने बस्ती के आधा दर्जन ग्रामीणों को परेशानी में ला दिया। दूषित जल के सेवन से आसना 9 रितेश, 10 रवि, 17 राजपति 22 सहित आधा दर्जन ग्रामीण उल्टी दस्त की बीमारी से परेशान हो गए। जानकारी मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर विकास सिन्हा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की गठित टीम गांव की बस्ती में पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परीक्षण के दौरान उल्टी दस्त की बीमारी परेशान आसना, रितेश, रवि व राजपति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया। रवि की हालत स्थिर होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं, अन्य लोगों की तबीयत में सुधार होना बताया जा रहा है।



स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बस्ती के एक दर्जन लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर आवश्यक उपचार किया। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. हेमंत कुमार, जिला इपिडिमियोलाजिस्ट (आईडीएसपी) शरद कुमार मिश्र, डॉ. रवि शंकर सहित जिले की टीम गांव की बस्ती में पहुंचकर डायरिया फैलने के कारणों की गहन जांच पड़ताल की। टीम ने दुषित पेयजल के सेवन को देखते हुए हैंडपंप व कुएं के जल, मल को पब्लिक हेल्थ केयर लैब में जांच के लिए भेजा गया। गांव की बस्ती में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने के साथ ही ही क्लोरीन की दवा व अन्य आवश्यक दवाएं लोगों को प्रदान की गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विकास सिन्हा ने बताया कि डायरिया प्रभावित बस्ती के संबंधित एनएम, आशा व स्वास्थ्य कर्मियों को सक्रिय कर स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर किए जाने का कड़ा निर्देश दिया गया है।

### नीम हकीम द्वारा बताये गए उपायों से बचना चाहिए

डॉ. विकास सिन्हा ने बताया, डायरिया के लक्षण यदि ओआरएस के सेवन के बाद भी रहे तो अविलम्ब मरीज को चिकित्सक के पास ले जाएं तथा उचित उपचार कराएं। उन्होंने बताया कि नीम हकीम द्वारा बताये गए उपायों से बचना चाहिए तथा चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए। डायरिया से होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण उपचार में की गयी देरी होती है। उन्होंने बताया कि डायरिया के बेहतर प्रबंधन तथा लोगों के बीच इसके लिए जागरूकता फैलाई जा रही है। यदि कोई डायरिया से पीड़ित हो गया है तो तत्काल अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय या रेफरल अस्पताल में जाकर ओआरएस के पैकेट ले सकता है।

**इन लक्ष्णों का रखें ध्यान:**

» लगातार पतले दस्त का होना
» बार-बार दस्त के साथ उल्टी का होना
» प्यास का बढ़ जाना
» भूख का कम जाना या खाना नहीं खाना
» दस्त के साथ हल्के बुखार का आना

## नाली बनाई और ठेकेदार सड़क पर छोड़ गया मलबा

**केटी न्यूज/चंदौली**

कलेक्ट्रेट से सटे बिछियां कला गांव के ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही हैं। सीसी रोड के साथ ही नाली निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा खोदी गयी गड्ढे का मलबा विगत एक पखवारे से सड़क पर पड़ा है। जिस कारण बारिश होने से चारों ओर मलबा कीचड़ के रूप में फैल जा रहा है। ऐसे में जहां पैदल आवागमन में दिक्कत हो रही है, वहीं आसपास के घरों में बारिश के पानी के साथ कीचड़ बहकर घुस जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के वक्त ठेकेदार से मलबा हटाने की बात कही गयी, लेकिन उसने अनसुना कर दिया। ऐसे में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर पीडब्ल्यूडी विभाग से इसकी शिकायत करते हुए मलबे को हटाने की मांग की है।



विदित हो कि बिछियां कला गांव में नेशनल हाइवे से अंडर पास तक सीसी रोड निर्माण के साथ ही नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा एक पखवारा पहले नाली का निर्माण कार्य करने के लिए सड़क किनारे खोदाई की गई और मलबे को सड़क पर छोड़ दिया। नाली का निर्माण हुए 10 दिन बीत गए। बावजूद इसके ठेकेदार द्वारा मलबे को सड़क से हटाया नहीं गया, जिससे बारिश होने पर मलबा सड़क पर कीचड़ के रूप में बहकर फैल गया है। मुख्य मार्ग होने के कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, वहीं आसपास के लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। कई लोगों के दरवाजे पर मलबे को निकालकर छोड़ दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को अपने ही घर में आने-जाने में दिक्कत हो रही है। स्थिति इतनी खराब है कि बारिश के दौरान मलबा पानी के साथ बहकर घर में घुस रहा है। इससे जहां गंदगी की समस्या उत्पन्न हो गयी है वहीं दुर्गंध से भी ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।




## जनपद में घर घर जाकर अभिभावकों को जागरूक कर रहे हैं शिक्षक

**मऊ।** एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा के नारे को साकार करने के लिये अब परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षक घर-घर जा कर अभिभावकों को जागरूक करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर मंडाव सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर शिक्षकों द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क अभियान की शुरूआत भी हो चुकी है। शिक्षा विभाग अब तक केवल पैरेंट्स-टीचर मीटिंग पर जोर देता आ रहा है। 3 जुलाई से पठन-पाठन की प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद शिक्षा क्षेत्र फतेहपुर मंडाव के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के पंजीकरण की अपेक्षा उपस्थिति काफी कम रह रही है। ऐसे में अब विभाग द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क पर जोरदार दिया जा रहा है।

वहीं, अभियान के पहले दिन जूनियर हाई स्कूल मधुबन, प्राथमिक विद्यालय दुबारी भाग एक एंव दो, प्राथमिक विद्यालय गांगेबीर, प्रथमिक विद्यालय गंगऊपुर सहित कई विद्यालयों के अध्यापकों ने सम्बंधित गांव में अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। साथ ही साथ ऐसे बच्चे जिनका अभी भी स्कूल में दाखिला नहीं हो सका है, उनके अभिभावक से मिल कर शिक्षा का महत्व बताते हुए उन्हें जल्द से जल्द पंजीकरण कराने के लिये प्रेरित किया।

## साइलेंट किलर बन रहा मौसमी बदलाव: डॉ संजय

**केटी न्यूज/मऊ**

तापमान में उतार चढ़ाव के साथ तेजी से बदलता मौसम साइलेंट किलर का काम कर रहा है। साँस व पाचन की समस्या के साथ हार्ट अटैक का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसमें बुजुर्गों से अधिक युवा चपेट में हैं। संतुलित खानपान के साथ तुरंत जाँच करना आवश्यक है। जाँच में देरी से खतरा बढ़ जाता है। डा संजय सिंह ने यह उदगार स्वास्थ्य संवाद में व्यक्त किया। रविवार को वह रानीपुर थाना व चकिया में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कार्यक्रम में बोल रहे थे। शिविर में 223 लोगों की जाँचकर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।




डॉ. सिंह ने बताया कि इस मौसम में संक्रमण, मलेरिया, फाइलेरिया बुखार, जुकाम, दस्त, पेचिश, हैजा, कोलाइटिस, गठिया, जोड़ों में सूजन, हाई ब्लड प्रेशर, फुंसियां, दाद, खुजली जैसी कई बीमारियों का प्रभाव बढ़ जाता है। संतुलित भोजन के साथ तली-भुनी चीजो एवं सी फूड से परहेज करना चाहिए। घर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आस-पास बरसात का पानी इकट्ठा न होने दें। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने डा. संजय सिंह व शारदा नारायण वेलफेयर सोसायटी ट्रस्ट का आभार ज्ञापित किया।

## तमसा नदी में डूबने से युवक की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के बहादुरगंज नगर क्षेत्र में बहने वाली तमसा (टोंस) नदी में रविवार की दोपहर एक हलुआई की डूबने से मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराना चाह रही थी, लेकिन मृतक के परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना नहीं चाहते थे। वह शव को अपने घर लेकर चले गए।



बता दें कि नगर क्षेत्र के भुल्लू गोड़ (40) पुत्र शिवनाथ गोड़ निवासी बरतल शादी-विवाह में भोजन बनाने का काम करता था। वह सुबह कस्बे के मुहल्ला पठान टोली स्थित माँ कालीघाट पर भोजन बनाने वाले अपने साथियों के साथ विवाह के किसी लगन में भोजन बनाने की बात कर रहे थे कि भुल्लु को शौच लग गई। भुल्लू शौच के लिए नदी के किनारे चला गया शौच से निवृत्त होने के बाद अपने साथियों से स्नान करने को कहा, लेकिन साथियों ने स्नान करने से मना कर दिया। भुल्लू स्वयं नदी में स्नान करने लगा। वह नदी के उस पार तैर कर गया, फिर दोबारा घाट की तरफ तैर कर आ रहा था कि अचानक नदी के बीचो बिच डूबने लगा। जब उसके साथियों की नजर उस पर पड़ी तो उसके साथियों ने जोर-जोर से शोरगुल करना शुरू कर दिया। नदी के किनारे बसे मल्लाह बस्ती के लोगों ने आनन-फानन में नाव से उसको नदी में खोजना शुरू कर दिया, कुछ घंटों के बाद बड़ी मशक्कत से उसका शव नदी पर उतराया मिला। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। किसी तरह नदी से शव को बाहर निकाला गया। परिवार के लोगों ने शव को नगर में स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहती थी। लेकिन परिवार के लोगों ने शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए मना कर दिया और शव को घर लेकर चले गए। नगर क्षेत्र के पुरानीगंज स्थित सती माई घाट पर दाह संस्कार कर दिया गया।

## चित्रकार राजीव को मिला भारत विभूषण अवॉर्ड

**गाजीपुर।** चित्रकला के क्षेत्र में उभरते युवा चित्रकार व कला शिक्षक राजीव कुमार गुप्ता को नेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड (भारत) की ओर से वर्ष 2023 का भारत विभूषण अवॉर्ड प्रदान किया गया है। यह सम्मान प्रत्येक वर्ष पूरे भारत में सभी क्षेत्रों से चयनित 30 विशिष्ट विभूतियों को प्रदान किया जाता है। यह सम्मान राजीव गुप्ता को चित्रकला के क्षेत्र में विशिष्टता के लिए मिला है। डॉ. राजीव गुप्ता ने अपना यह पुरस्कार अपने कला गुरु डॉ. राज कुमार सिंह (स्मृति शेष) को समर्पित किया है। इन्होंने बताया कि आज ये जो कुछ भी उपलब्धियों को हासिल कर रहे हैं उन सब के पीछे इनके कला गुरु के कुशल मार्गदर्शन का ही प्रतिफल है। इस पुरस्कार की घोषणा मार्च में ही हो गई थी, जिसका स्मृति चिन्ह, गोल्ड मैडल व प्रशस्ति पत्र दो दिन पूर्व डाक के द्वारा मिला है। जिसको अपने विद्यालय के संस्थापक माननीय जगदीश सिंह कुशवाहा (पूर्व सांसद) के हाथों पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।




### नाली के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दबंगों ने एक को पीट पीटकर मार डाला

# घर के सामने गंदा पानी बहाने के विरोध में अधेड़ की हत्या, पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्जूय/मऊ**

जनपद में नाली के विवाद को लेकर कुछ दबंगों ने एक व्यक्ति लाठी-डंडों से पीट पीटकर हत्या कर दी। रविवार की सुबह बीबीपुर गांव में नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि एक पक्ष से आधा दर्जन लोगों दूसरे पक्ष के ऋषिकेश यादव पर लाठी-डंडों के साथ टूट पड़े और हमला किया। जिससे 53 वर्षीय ऋषिकेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। मामला थाना दोहरीघाट क्षेत्र के बीबीपुर गांव का है। जहां रविवार की सुबह नाली के विवाद को लेकर गांव के ही दो पक्षों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मामला तूल पकड़ लिया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में बीबीपुर गांव निवासी ऋषिकेश यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटना की जानकारी पुलिस के आला अधिकारियों को देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नाली के विवाद में हुई हत्या की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के साथ अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री व क्षेत्राधिकारी घोसी उमाशंकर सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार की सुबह हुए इस हत्याकांड के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। हत्या की खबर गांव में आग की तरह फैल गई, जिसके बाद गांव के लोग मृतक ऋषिकेश यादव के घर के पास घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं।

**गंदा पानी घर के सामने बहा रहे थे विपक्षी :** मृतक ऋषिकेश यादव के भतीजे अभिषेक यादव ने बताया कि घर के बगल में नाली को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी विपक्षियों द्वारा वहां पानी बहाया जा रहा था, जिसका विरोध मेरे चाचा ऋषिकेश यादव द्वारा किया गया तो विपक्षियों ने लाठी डंडे से उनके ऊपर हमला कर दिया। जिससे उनके सर में गंभीर चोट आ गई और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## भोजपुर एसपी ने जारी किया जिला आदेश, अंशु कुमारी संभालेंगी महिला थाना

# अनुशासनहीनता और लापरवाही में बड़हरा थानाध्यक्ष सस्पेंड, चार थानों में नये थानेदार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बड़हरा थाने के थानाध्यक्ष को अनुशासनहीनता और लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही तीन थानाध्यक्षों का तबादला भी किया गया है। इनमें तरारी, धनगाई और महिला थाना शामिल है। तरारी के थानाध्यक्ष विजय प्रसाद को बड़हरा भेजा गया है। धनगाई थानाध्यक्ष पी के भास्कर को तरारी की कमान दी गई है।

वहीं जारी जिला आपदेश के अनुसार महिला थानाध्यक्ष नीतू प्रिया को धनगाई का थानेदार बनाया गया है। दारोगा अंशु कुमारी को महिला थाने की कमान सौंपी गयी है। इसे लेकर एसपी प्रमोद कुमार की ओर से जिला आदेश जारी कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि बड़हरा के थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश की लगातार लापरवाही की शिकायत मिल रही थी। आदेश के बावजूद अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी और गंभीर कांडों के निष्पादन में शिथिलता बरती जा रही थी। अनुशासनहीनता भी की जा रही थी। उसे गंभीरता से लेते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया। उनके जगह एक थाने में दो साल की अवधि पूरी करने वाले तरारी थानाध्यक्ष विजय प्रसाद को बड़हरा भेजा गया है। तरारी में धनगाई थानाध्यक्ष पी के भास्कर को भेजा गया है। वहीं धनगाई में महिला थाना अध्यक्ष नीतू प्रिया की पोस्टिंग की गयी है। महिला थानाध्यक्ष के रूप में प्रभारी थानाध्यक्ष अंशु कुमारी को तैनात किया गया है।



■ विजय प्रसाद को बड़हरा, प्रदीप कुमार भास्कर को तरारी और नीतू प्रिया को धनगाई थाने की कमान

## आमजनों की शिकायत पर आधे घंटे में करें रिस्पांस

**आरा।** पुलिस ऑफिस में रविवार को अपर थानाध्यक्षों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उसमें एसपी प्रमोद कुमार ने जिले के अपर थानाध्यक्षों को बेहतर पुलिसिंग का टिप्स दी। एसपी प्रमोद के द्वारा सभी अपर थानाध्यक्ष को उनकी जिम्मेदारियों की भी जानकारी दी गयी और उसके निर्वहन को लेकर निर्देशित किया गया। साथ ही, जिला मुख्यालय की ओर से जारी सभी दिशा-निदेशों के अनुपालन, प्रतिदिन के साथ थानास्तर की पुलिसिंग को अधिक से अधिक जन-जन के करीब लाने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला में एसपी द्वारा कहा गया है कि अपर थानाध्यक्ष स्वतंत्र रूप से काम करें। थानों में थानाध्यक्ष के नहीं रहने पर उनकी जिम्मेदारियां काफी बढ़ जाती है। उनको प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर पब्लिक की शिकायतों तक का निपटारा करना होगा।

कहा कि अगर किसी को हेल्प चाहिए, तो तुरंत उस तक पहुंचिए। उसकी हरसंभव मदद कीजिए। थानों में शिकायत लेकर आने वाले आमजनों को अधिकतम आधे घंटे के अंदर रिस्पांस मिलना चाहिए। उनकी शिकायतों को अच्छे से सुनना होगा। उस पर तत्काल एक्शन लेना होगा और आवेदन की रिसिविंग भी देना होगा। कार्यशाला में सभी थानों के अपर थानाध्यक्ष मौजूद थे।

## संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा व आरएसएस

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल ने मुठेर पंचायत के गंगाचक गांव में रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर पर पंचायत स्तरीय परिचर्चा का आयेजन किया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव सहित कई लोगों ने सर्वप्रथम बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक सुदय यादव ने कहा कि बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, ताकि दलितों, शोषितों को मुख्यधारा में जुड़ने का मौका मिलें।



उन्होंने कहा कि संविधान में दिए गए समता, स्वतंत्रता, भाईचारा एवं न्याय के अधिकार को भाजपा एवं आरएसएस के लोग खत्म करने की साजिश कर रहे हैं। पुनः देश में मनुस्मृति लागू कर वर्ण एवं जाती भेद की व्यवस्था को पुनर्स्थापित करने के लिए साजिश रचा जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं संप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए राजद कार्यकताओं को एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समुदाय को एकजुट कर मनुवादी व्यवस्था के खिलाफ एवं संविधान को बचाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज देश नाजुक दौर से गुजर रहा है, जिसमें हमें हालातों को ठीक करने के लिए अंबेडकर के विचारधारा को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है एवं विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। सुप्रीम न्यायालय एवं चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्थाओं पर अंकुश लगाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। देश अघोषित अपातकाल की ओर बढ़ रहा है।




## तीन बदमाशों ने मंदिर में की चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के सुगांव गांव में जमुना नदी तट पर स्थापित सूर्य मंदिर में बीती देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वहीं मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की पूरी वारदात कैद हो गई है। एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाश आएं और मंदिर के दान पेटी को उठाकर मंदिर के पीछे खेत में ले जाकर उसमें दान दिए हुए सभी पैसे निकाल लिया।

साथ ही मंदिर में रखा माइक, बाजा, झाल, ढोलक आदि भी लेकर फरार हो गए। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लखन देव प्रसाद ने बताया कि पूर्व में भी इस मंदिर में चोरी हुई थी। उस समय दान पेटी में रखे पैसे और मंदिर का घंटा चोरों द्वारा चोरी किया गया था। लोगों ने बताया के दोबारा हुए चोरी में दान पेटी में रखे पैसे और सामान की कीमत 50 हजार से एक लाख के बीच की होगी। वहीं मंदिर में हुई चोरी की घटना के बाद पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर टेहटा ओपी की पुलिस दल बल के साथ पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुट गई है।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला जख्मी, रेफर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन के पूर्वी गेट संख्या 66 बी के समीप एक महिला ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। यह घटना पोल संख्या 644/17-19 के बीच अप लूप लाइन की है। इस घटना की जानकारी मिलते ही रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन सिंह जीआरपी व आरपीएफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायल महिला को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया। घायल महिला के सिर के अगले हिस्से एवं बाएं आंख के ऊपर गहरा जख्म हो गया। वहीं ट्रेन की चपेट में आने से उसके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगी है। घायल महिला नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के यादव टोला नया भोजपुर निवासी सुनील कुमार यादव की 32 वर्षीय पत्नी अनीता देवी बतायी जाती है। परिजनों के अनुसार महिला डुमरांव से बाजार कर अपने घर लौट रही थी इसी दौरान ये हादसा हो गया। घटना की पुष्टि करते हुए जीआरपी पोस्ट प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जख्मी महिला के परिजनों को इसकी सूचना दी गयी है।



## युवाओं के साथ धोखा है अग्निवीर योजनाः धर्मराज

**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड के राजपुर मध्य विद्यालय परिसर में रविवार को भूतपूर्व सैनिक संघ के तत्वावधान में सैनिक संघ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चंद्रजीत सिंह एवं संचालन कैप्टन धर्मराज सिंह ने किया। कार्यक्रम में पहुंचे राजपुर थानाध्यक्ष राजेश मालाकार को फूल माला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

पूर्व सैनिकों ने कहा कि देश की रक्षा करने के बाद यह ऐसा मौका है जब संघ के माध्यम से जुड़ कर हम जन लोक सेवा कर रहे हैं। पिछले एक वर्षों से सैनिक संघ मजबूती के साथ क्षेत्र के विभिन्न गांव में वैसे सैनिक जो पूरी तरह से असहाय हैं, जिन्हें सेवानिवृत्ति के बाद भी सरकार की तरफ से पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे लोगों को मदद की जा रही है। समाज सेवा में विशेष योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित कर अन्य लोगों को भी प्रेरित की जा रही है।



वहीं, कैप्टन धर्मराज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो अग्निवीर योजना को लागू किया है, वह पूरी तरह से युवाओं के साथ धोखा है। जो जवान देश के लिए समर्पित है, उसके लिए कोई विशेष सुविधा ना मिलना हकमारी है। सेना के जवानों को पूरी तरह से तैयार कर देश की रक्षा के लिए तैयार किया जाता है। जिस समय में यह लड़ने के लायक होंगे उन्हें सरकार अन्य कार्यों में नियुक्त करेगी। यह देश हित में नहीं है। थानाध्यक्ष राजेश मालाकार ने कहा कि सैनिक संघ के तरफ से जो भी कार्य किए जा रहे हैं वह बहुत सराहनीय है। देश की सेवा के बाद अब समाज की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में देशभक्ति गगनभेदी नारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। सम्मेलन में हाकीम प्रसाद, काली प्रसाद, वंश नारायण राम, सीताराम साहू, राम इकबाल राय, वीरेंद्र सिंह, एसएन पांडेय, अभय नारायण सिंह, धीरेंद्र पांडेय, शिवकुमार सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

## अधिकारियों ने नहीं लिया मलई बराज पर संज्ञान

**केसठ।** विगत कई वर्षों से लंबित मलई बराज योजना अधर में लटका हुआ है। जिससे अब तक किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। कृषि बहुल क्षेत्र होने के कारण प्रखंड के किसान आक्रोशित है। इसको लेकर प्रखंड के दर्जनों किसानों ने कुछ महीना पहले जिलाधिकारी से मिलकर लिखित ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन सौंपने के बाद अभी तक जिला प्रशासन के द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजद नेता सह डुमरांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मलई बराज को जल्द से जल्द चालू किया जाए, ताकि इसका लाभ क्षेत्र के हजारों किसान ले सके। बता दें कि मलई बराज योजना चालू नहीं होने से क्षेत्र के किसानों को फसल की सिंचाई की समस्या होती है। जिसके कारण फसल सूख जाती है। मलई बराज के चालू हो जाने से क्षेत्र ने हजारों किसानों को फायदा होगा। अभी जो किसानों के लिए पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है वो खतम हो जायेगी।




## लाठीचार्ज से शहीद हुए जिला महामंत्री स्व. विजय सिंह के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# सरकार पुनः जंगलराज की ओर जा रहीः सम्राट

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

स्थानीय नगर भवन में रविवार को पटना में 13 तारीख को हुए प्रदर्शन में सरकार के इशारे पर पुलिसिया लाठीचार्ज से शहीद हुए जिला महामंत्री स्व. विजय सिंह के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कुमार देव ने किया एवं मंच का संचालन बिहार विधान परिषद सदस्य अनिल शर्मा ने किया। जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, विरोधी दल के नेता विजय सिन्हा, राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर बिहार विधान परिषद सदस्य अनिल कुमार, प्रमोद चंद्रवंशी पूर्व विधान परिषद सदस्य राधा मोहन शर्मा, योगेंद्र पासवान, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश, पूर्व विधायक मनोज शर्मा, अरवल जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी हम पार्टी के अध्यक्ष बिहार सरकार के पूर्व मंत्री विधान पार्षद संतोष सुमन, जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी, लोजपा के जिला अध्यक्ष हेमंत शरण, इंदु कश्यप, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा एनडीए के अन्य नेता नेतागण उपस्थित रहे।



मौके पर सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार सरकार पुनः जंगलराज की ओर जा रही है। 13 तारीख को हुए विधानसभा मार्च में बिहार सरकार के इशारे पर पुलिस ने जो बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया जिसमें जिला महामंत्री विजय सिंह शहीद हो गए इनकी शहादत को हम जाया नहीं जाने देंगे और आने वाले दिनों में सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आंदोलन और तेज होगी और आंदोलन तब तक चलेगी जब तक कि उन्हें सत्ता की कुर्सी से हटा नहीं देते। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि सरकार निरंकुश हो गई है और जो हम लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन शिक्षकों के लिए भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कर रहे थे उस पर उन्होंने लाठीचार्ज करवाया। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत शहीद विजय सिंह के गांव कल्पा खुर्द जाकर सभी नेताओं ने शोक संतप्त परिवार को संतावना दी। साथ ही, 1500000 रुपए का चेक शहीद परिवार की पत्नी को दिया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनके परिवार के साथ पूरा भाजपा हमेशा खड़ी रहेगी और आप लोगों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं हैं, पूरी भाजपा आपके साथ है।